राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 26.04.2012 को दोपहर 03.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष

श्री वी के अग्रवाल, महाप्रबंधक

श्री एस एस प्रसाद, सदस्य

श्री आर के बंसल , सदस्य

श्री एस आर नरसिम्हन,

श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या

श्री एस बडपंडा, सदस्य

श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्री ए सेनशर्मा, मु.प्रबंधक, सदस्य

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

श्री सुरेश कोहली,.ज.स. अ.(नो.अ)

1.0 सर्वप्रथम श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया ।

2.0 समिति की बैठक के शुरू होने पर सर्वप्रथम श्री सोनी ने आज के शब्द को मेल पर भेजे जाने पर अपनी शुभकामनाएँ दी।

3.0 श्री बंसल नें भी बताया कि दैनिक रिपोर्ट में भी राज्यों के नाम को राजभाषा हिंदी में कर दिया गया है और आने वाले दिनों में पूरी रिपोर्ट हिंदी में हो जाएगी साथ ही इस वर्ष एम ओ यू को भी हिंदी में अनुवाद सहित चिन्हित किया गया है और उसका अनुवाद बाहर के अनुवादक से न करवा कर अपने ही कार्मिक के द्वारा कराया गया है ।

4.0 श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक ने यह सुझाव दिया कि राष्टीय भार प्रेषण केंद्र की तरह ही सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्रों के नियंत्रण कक्ष के में पेनल पर दिखाई देने वाले नक्शे पर सभी स्टेशनों और राज्यों के नाम भी हिंदी में रूपांतरित हो जाने चाहिए।

5.0 श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक ने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक वर्ष एक हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी सप्ताह (सितंबर माह से पहले) से पहले होना चाहिए जिसमें सभी कार्मिकों के परिवार को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए।

6.0 श्रीमति मीनाक्षी गर्ग ने यह सुझाव दिया कि प्रत्येक वर्ष में कम से कम दो बार हिंदी की मेगजींस निकाली जानी चाहिए ।

7.0 सभी प्रकार के बैनर व विज्ञापन हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में बनवाने पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इसका द्दढता से पालन होना चाहिए

8.0 राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित करने हेतु पावरग्रिड कारपोरेशन की तरह पोसोको/राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र व सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों में पुरस्कार की राशि एक जैसी हो, इस सुझाव का सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया । पुरस्कार की राशि का ब्यौरा पावरग्रिड के हिन्दी विभाग से मंगवा कर परिपत्र के द्वारा सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों को अवगत करवा दिया जाएगा।

9.0 अत: मैं अपर महाप्रबंधक(मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

27 अप्रेल 2012

अपर महाप्रबंधक(मा.सं)

महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.कें.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव